दिनांक 10 अक्टूबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने विभिन्न निर्माण/ विकास कार्यों का किया निरीक्षण

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आज जोन क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न विकास/निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया! सर्वप्रथम आयुक्त महोदय ने राधिका नगर में स्लॉटर हाउस के संपूर्ण क्षेत्र का निरीक्षण किया जहां पर उन्होंने बाउंड्री वॉल संधारण , नाली सफाई, वृक्षारोपण एवं निर्माण कार्य में प्रगति लाने के साथ ही गुणवत्ता पूर्वक कार्य कराने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए! कार्य की विलंबता को देखते हुए आयुक्त महोदय ने स्लॉटर हाउस के आधुनिकीकरण की फाइल शीघ्र तलब करने हेतु अधिकारियों को आदेशित किया!

आधुनिक तकनीक से बन रहा है स्लॉटर हाउस

राधिका नगर में पूर्व से स्लॉटर हाउस निर्मित है जिसका आधुनिकीकरण का कार्य किया जा रहा है! उप अभियंता निकहट शबरीन ने जानकारी देते हुए बताया कि स्लॉटर हाउस का प्रस्ताव वर्ष 2013-14 में तैयार कर शासन को प्रेषित किया गया था जिसकी स्वीकृति मिलने उपरांत कार्य प्रारंभ कराया गया है लगभग 16 करोड़ की लागत से होने वाले स्लॉटर हाउस के आधुनिकीकरण के लिए केंद्र शासन द्वारा 50 प्रतिशत, राज्य शासन द्वारा 30 प्रतिशत एवं निगम की 20 प्रतिशत की राशि का उपयोग किया जाना है

जनसंपर्क अधिकारी